RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 01 जून 2025 | वर्ष 07 | अंक 43 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

## मुंबई पुलिस बल में बड़ा फेरबदल,

13 उपायुक्तों का एक साथ तबादला




Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई : भारत में कोविड-19 के 3395 एक्टिव केस

### पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से 4 लोगों की मौत

**मुंबई :** देश में कोरोना एक बार फिर पैर पसारने लगा है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आंकड़ों के मुताबिक शनिवार (31 मई 2025) तक भारत में कोविड-19 के 3395 एक्टिव केस हैं. भारत में केरल में सबसे ज्यादा 1336 कोविड के केस सामने आए हैं तो वहीं इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज हैं. बीते दो सालों में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोविड के सक्रिया केस 3000 के पार पहुंचा हो.केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना से चार मौतें हुई हैं. दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक मरीज की मौत हुई है. महाराष्ट्र में 467 मामले, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 कोविड-19 के मामले दर्ज किए गए हैं. देश में 22 मई को केविड के कुल 257 एक्टिव केस थे. 26 मई तक यह आंकड़ा 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया.



आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है. कोविड-19 मामलों पर नजर रखने वाले वल्डोमीटर इंडेक्स के अनुसार देश में पिछली बार 3,000 सक्रिय मामले 1 अप्रैल 2023 को पार हुए थे. तब कुल कोरोना केस 3084 था.

केरल में कोरोना से पांच लोगों की मौत हुई है. वहीं जनवरी 2025 में सबसे ज्यादा मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं, जहां कुल 7 लोगों की जान गई. सभी राज्यों में कुल 22 मौतें हुई हैं. कर्नाटक में कोरोना वायरस की स्थिति और स्कूलों को फिर से खोलने के मद्देनजर राज्य सरकार ने एक परिपत्र जारी किया है जिसमें अभिभावकों से कहा गया है कि अगर उनके बच्चों में बुखार, खांसी, जुकाम और अन्य लक्षण हैं तो वे उन्हें स्कूल न भेजें.

## नासिक कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ की तरह इंतजाम किए जाने चाहिए - देवेंद्र फडणवीस

### नासिक कुंभ 2027 को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बैठक

**नासिक:** प्रयागराज महाकुंभ के बाद अगला कुंभ महाराष्ट्र के नासिक में 2027 में होगा। नासिक कुंभ 2027 को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में एक बैठक होने वाली है। इस बैठक को लेकर अखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अखाड़ा के महंत राम किशोर दास शास्त्री महाराज का बयान आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस बैठक के लिए सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि नासिक कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ की तरह इंतजाम किए जाने चाहिए।

**शाही स्नान की तारीखों का होगा ऐलान**

अखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अखाड़ा के महंत राम किशोर दास शास्त्री महाराज ने कहा कि 1 जून को आयोजित होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री की ओर से शाही स्नान की तारीख का ऐलान किया जाएगा।



इस बैठक में सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन की तरफ से इस संबंध में पत्र भेजा गया है और ऐसी हमें जानकारी मिली है। हालांकि, प्रशासन की तरफ से इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। यह भी पता चला है कि 1 तारीख को होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री समेत कई मंत्री मौजूद रहेंगे।

**योगी के नेतृत्व में विश्व में मिसाल बना प्रयाग कुंभ**

उन्होंने कहा कि कुंभ मेला 12 वर्षों में एक बार आता है और यह आयोजन शानदार, स्वच्छ और सुव्यवस्थित होना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ इसका उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां करीब 45 दिनों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और स्नान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह मेला विश्व में मिसाल बन गया। उसी तरह नासिक कुंभ को भी वैसी ही योजना और आदर्श व्यवस्था के साथ संपन्न करना चाहिए।

**नासिक कुंभ में हो समुचित व्यवस्था**

महंत राम किशोर दास शास्त्री महाराज ने कहा कि हमारा अनुमान है कि इस बार 15 से 20 करोड़ श्रद्धालु नासिक कुंभ में सम्मिलित हो सकते हैं। साल 2015 के कुंभ में जमीन की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हमारे करीब 100 से 150 खालसा अखाड़े बिना शिविर लगाए वापस लौट गए थे।

## ठाणे : चौंकाने वाला मामला; 16 वर्षीय किशोरी ने कर ली खुदकुशी




**ठाणे :** ठाणे जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 16 वर्षीय किशोरी ने खुदकुशी कर ली. यह घटना डोंबिवली के खंबलपाड़ा इलाके की है. पुलिस के मुताबिक, लड़की अपने मामा के बेटे से प्रेम करती थी, लेकिन उसके परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे. रिश्ते को लेकर लगातार दबाव और विरोध के चलते किशोरी ने आत्मघाती कदम उठा लिया.

**परिवार वालों को रिश्ता नहीं था मंजूर**

तिलक नगर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर को हुई. मृतक किशोरी ने अपने माता-पिता को बताया था कि वह अपने मामा के 25 वर्षीय बेटे से प्रेम करती है, जो ठाणे के उल्हासनगर इलाके में रहता है. हालांकि, परिवार वालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था.

## वाशिम : 20 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती की लाश नग्न अवस्था में मिलने से हड़कंप

**वाशिम :** महाराष्ट्र के वाशिम जिले के कारंजा ग्रामीण थाना क्षेत्र में एक बेहद सनसनीखेज और दर्दनाक घटना सामने आई है. कजलेश्वर गांव के पास एक पुलिया के नीचे 20 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती माया कोड़ापे की लाश नग्न अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया.

मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. उन्होंने पाया कि युवती का शव निर्वस्त्र हालत में था और उसका सिर बुरी तरह कुचला गया था. घटनास्थल से रोटियां और सब्जी भी बरामद हुई हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि मृतका भीख मांगकर पेट भरती थी और **उसी तरह भोन इकट्ठा कर खा रही थी.**

**दुष्कर्म की आशंका**

प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है. माया मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और कुछ दिन पहले




ही वह रास्ते में भटकती हुई मिली थी, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे पुलिस को सौंपा था. पुलिस ने उसे परिजनों के हवाले कर दिया था, लेकिन अब उसकी निर्मम हत्या की खबर ने सभी को झकझोर दिया है. शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां मृतका के परिजन और आदिवासी समाज के कई लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए. उनका कहना है कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक शव को अंतिम संस्कार के लिए नहीं उठाया जाएगा. परिजनों का आरोप है कि माया के साथ दुष्कर्म कर उसकी बेरहमी से हत्या की गई है.

**अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

इस गंभीर मामले को लेकर वाशिम जिले के पुलिस अधीक्षक अनुज तारे ने मीडिया को जानकारी दी कि घटनास्थल से फॉरेंसिक सबूत जुटाए गए हैं और दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. एसपी ने यह भी बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दुष्कर्म की पुष्टि की जा सकेगी.

## मुंबई टवियर की दुकान में आग



**मुंबई:** फोर्ट इलाके में एक फुटवियर की दुकान में शनिवार देर रात आग लगने की खबर आई। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग लगने के कारणों और जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इस मामले में अधिक जानकारी का इंतजार है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### वायुसेना प्रमुख की चिंता...

**भारत के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने सार्वजनिक मंच से रक्षा-सौदों की लेटलतीफी पर चिंता जताई है, तो यह कोई सामान्य टिप्पणी या सरोकार नहीं है। सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा-उपकरणों का संकट और समयहीनता उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे-35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30-35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। वायुसेना प्रमुख का यह रहस्योद्घाटन तब सार्वजनिक हुआ है, जब भारत की वायुसेना ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के बड़े अड्डे ह्यमिट्टी-मलबाह्व कर चुकी है, करीब 170 आतंकियों को ढेर कर चुकी है और कई प्रमुख एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर चुकी है। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व हमने अपनी वायु-शक्ति की बदौलत ही जीता है, लिहाजा वायुसेना प्रमुख की ये चिंताएं बेहद गंभीर हैं। चीफ मार्शल पहले भी फरवरी, 2025 में एक टेनर जेट के कॉकपिट में बैठे हुए कह चुके हैं कि उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) पर भरोसा नहीं है। एचएएल मिशन मोड में काम नहीं कर रही है। बहरहाल अब उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे आने का आह्वान किया है। भारत में 21 निजी कंपनियां रक्षा-उत्पादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि सरकारी नेतृत्व की 16 सार्वजनिक कंपनियां भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में कुल 430 अन्य कंपनियों के अलावा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम 16,000 से अधिक हैं, जो रक्षा-उपकरणों के कल-पुरजे बनाते हैं।**

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# ड्राइवर ने अपनी जमीन से बड़े कारोबारी के कब्जे को चुनौती दी और फिर उसे ढहवाकर ही सांस लिया

**मुंबई :** मुंबई जैसे शहर में अवैध निर्माण एक पुरानी बीमारी है. लेकिन कुछ लोग इस बीमारी से लड़ने का हौसला रखते हैं. जीआर खैरनार और वैभव ठाकुर दो ऐसे नाम हैं जिनकी इन दिनों खूब चर्चा हो रही है. खैरनार बीएमसी के पूर्व उपायुक्त थे जिन्हें 'डिमोलिशन मैन' कहा जाता था. लेकिन, दूसरे व्यक्ति वैभव ठाकुर पेशे से एक ड्राइवर हैं. उनकी लड़ाई ने उनको मुंबईवासियों के सामने हीरो बना दिया है. वह ठाणे के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी जमीन से एक बड़े कारोबारी के कब्जे को चुनौती दी और फिर उसे ढहवाकर ही सांस लिया. उनके इस अभियान में केवल उनकी जमीन से ही नहीं मुंबई के सैकड़ों अवैध कब्जे को हटाया गया.



जीआर खैरनार का जन्म 1 जून 1942 को नासिक के पिंपलगांव में हुआ. एक किसान परिवार से आने वाले खैरनार ने 1964 में क्लर्क की नौकरी शुरू की. 1974 में वे बीएमसी में लेखा अधिकारी बने. 1985 में वे चर्चा में आए. तब उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटिल के बेटे के होटल को तोड़ा. 1988 में बीएमसी के उपायुक्त बने. उन्होंने एक लाख से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़े. इनमें अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के 29 बंगले शामिल थे. मंदिर हो या माफिया का निर्माण, खैरनार ने किसी को नहीं बख्शा. उनकी बेबाकी ने उन्हें माफिया और नेताओं का दुश्मन बनाया.

**खैरनार ने शरद पवार को घेरा**

1993 में खैरनार ने शरद पवार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया. उनकी आत्मकथा 'एकल झुंज' में उन्होंने दावा किया कि पवार की कुछ सभाएं दाऊद ने प्रायोजित की थीं. हालांकि यह कभी भी साबित नहीं हुआ. 1994 में उन पर अति-उत्साह का आरोप लगा. एक जांच समिति ने उन्हें निलंबित किया. वर्ष 1995 में हाईकोर्ट ने उनकी बहाली का आदेश दिया. लेकिन नई सरकार ने इसकी अनदेखी की. बीजेपी-शिवसेना ने उनका समर्थन किया. इससे वे कांग्रेस को हराने में मददगार बने. 2002 में उनकी सेवाएं खत्म हुईं. फिर भी उनकी लोकप्रियता ऐसी थी कि 2018 में ऑल्ट बालाजी के शो 'होम' में उनके जीवन पर किरदार बना.

दूसरी तरफ वैभव ठाकुर की कहानी है. 45 साल के वैभव एक ड्राइवर हैं. वे ठाणे में रहते हैं. उनकी पुश्तैनी जमीन मढ आइलैंड के एरंगल गांव में है. 2016 में उन्हें अपनी 2400 वर्ग फीट जमीन पर अवैध बंगला दिखा. यह बंगला व्यापारी भरत मेहता की पत्नी रूपा का था. वैभव ने इसके खिलाफ आवाज उठाई. दिन में ड्राइवर की नौकरी करते. रात में सीआरजेड नियम और जमीन कानून पढ़ते. उन्होंने आरटीआई का सहारा लिया. मेहता ने दावा किया कि उनका बंगला 1960 से पहले का है. सीआरजेड नियमों में ऐसी इमारतों को छूट है. लेकिन वैभव ने 2018 में सिटी सर्वे ऑफिस से रिकॉर्ड निकाले. इनसे साबित हुआ कि वहां पहले कोई बंगला नहीं था. वैभव ने मढ आइलैंड, बांद्रा, विले पार्ले, चेंबूर, गोरेगांव, बोरीवली और मलाड में 865 फर्जी रिकॉर्ड उजागर किए. कई एफआईआर दर्ज कीं. शुरू में पुलिस ने ध्यान नहीं दिया.

# बारिश से पहले अधूरी तैयारी

## घोड़बंदर में फिर लगेगा ट्रैफिक



**मुंबई :** मई के अंतिम दिनों में ही बरसात की दस्तक से घोड़बंदर क्षेत्र में अधूरे पड़े विकास कार्यों की कलई खुलने लगी है। मेट्रो परियोजना, सड़क मजबूतीकरण और सर्विस रोड के काम समय पर पूरे न होने के कारण इस बार मानसून में नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि घोड़बंदर क्षेत्र में पिछले कई महीनों से मेट्रो और सड़क सुधार से जुड़े काम चल रहे हैं। इसमें मुख्य सड़क को सर्विस रोड से जोड़ने का कार्य भी शामिल है, जो अब तक अधूरा है।

**काम में लगातार देरी हो रही**

सड़क के नीचे से गुजर रही पानी, गैस, बिजली और टेलीफोन की लाइनों को हटाना एक जटिल प्रक्रिया है, जिससे कार्य में लगातार देरी हो रही है। कई जगहों पर खुदाई के बाद नालियों को ढका नहीं गया है, जिससे बरसात में जलभराव और हादसों की आशंका बढ़ गई है। पिछले साल मानसून के दौरान गायमुख घाट और मानपाड़ा फ्लाईओवर के नीचे जलभराव और गिरते पत्थरों ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी थीं। इस बार भी यही संकट दोहराने की आशंका है क्योंकि आवश्यक मरम्मत और सफाई कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाए हैं। मेट्रो कार्यों के कारण मजीवड़ा, कपूरबावड़ी, मानपाड़ा, ब्रह्मण्ड, पाटलीपाड़ा, वाघबिल, कासारवडवली जैसे इलाकों में पहले ही ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। अब बरसात में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और आपातकालीन सेवाओं पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कार्यों की प्रगति को लेकर लगातार विभागीय बैठकें की हैं और अधिकारियों को समयसीमा में काम पूरा करने के आदेश दिए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मानसून से पहले घोड़बंदर पूरी तरह तैयार नहीं है। यदि जल्द ही काम की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई, तो इस बार भी बारिश घोड़बंदर के नागरिकों के लिए आफत बनकर आएगी।

# मुंबई पुलिस बल में बड़ा फेरबदल,

## 13 उपायुक्तों का एक साथ तबादला




**मुंबई :** मुंबई पुलिस विभाग में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। एक साथ 13 उपायुक्तों (उ्ढ) का तबादला किया गया है। इसे शहर की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, वो भी तब जब चंद महीनों में मनपा चुनाव होने की उम्मीद है। इस फेरबदल के तहत शहर के विभिन्न जोनों और विशेष शाखा में नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जोन 3 की कमान अब कृष्णकांत उपाध्याय को सौंपी गई है, जबकि जोन 10 में दत्ता किसन नलावडे की नियुक्ति की गई है। महेश धमार्जी चिमटे अब जोन 12 की जिम्मेदारी संभालेंगे, तो समीर असलम शेख जोन 6 में सेवाएं देंगे। वहीं राकेश ओला को जोन 7 की कमान दी गई है।

इनके अलावा कुछ विशेष विभागों में भी अनुभवी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। नवनाथ धवले अब नारकोटिक्स सेल की कमान संभालेंगे, जबकि विजयकांत मंगेश सागर को पोर्ट सर्कल में तैनात किया गया है और प्रशांत अशोक सिंह परदेशी को ट्रैफिक विभाग (दक्षिण) का प्रभार मिला है। निमित गोयल को विशेष कार्य बल (एसएजी) और दत्तात्रेय कांबले को विशेष शाखा 1 में नियुक्त किया गया है। पुरुषोत्तम नारायण करहाड़ को साइबर और अपराध विभाग का प्रभार दिया गया है, सचिन बी गुंजाल को निवारक अपराध शाखा और राज तिलक रोशन को अपराध जांच विभाग सौंपा गया है।

# मुंबई : पुलिस को खुली छूट दे दी जाए तो वह एक ही दिन में समाज में आपराधिक गतिविधियां खत्म कर सकती हैं - संजय शिरसाट



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि पुलिसकर्मी कभी-कभी अपराधों में संलिप्त पाये जाते हैं. छत्रपति संभाजीनगर के प्रभारी मंत्री शिरसाट ने यह भी कहा कि अगर पुलिस को खुली छूट दे दी जाए तो वह एक ही दिन में समाज में आपराधिक गतिविधियां खत्म कर सकती हैं. पुलिस विभाग राज्य के गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है और फिलहाल इसका प्रभार स्वयं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास है. सामाजिक न्याय मंत्रालय का कामकाज संभालने वाले शिरसाट औरंगाबाद (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं. उनका यह बयान शहर के एक व्यवसायी के घर से डकैतों के एक गिरोह ने 5.5 किलोग्राम सोना और 32 किलोग्राम चांदी लूट लेने के दो हफ्ते बाद आया है.

जब उनसे पूछा गया कि क्या पुलिस आपराधिक गतिविधियों में शामिल है, तो शिरसाट ने कहा, ''कभी-कभी हम अपराधों में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता पाते हैं. डकैत दूसरे राज्यों से नहीं आते और पुलिस के पास उनके बारे में कम से कम कुछ जानकारी तो होती ही है. अगर पुलिस तय कर ले और उन्हें खुली छूट दे दी जाए तो वह 24 घंटे में ही अपराध खत्म कर सकती है.'' उन्होंने कहा, ''जब हम नेता खुली छूट देते हैं तो ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए. लेकिन जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो हम कह सकते हैं कि उनकी (पुलिस की) संलिप्तता है.'' शिरसाट ने बताया कि पुलिस ने अब तक व्यापारी के घर से लूटे गये सोने में से 320 ग्राम सोना बरामद कर लिया है. उन्होंने पूछा, ''बाकी सोना कहां गया?''

इस बीच, शिरसाट के बेटे ने यहां होटल खरीदे जाने में शामिल धन के स्रोत पर विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) के सवाल उठाने पर मंत्री ने कहा कि 67 करोड़ रुपये की संपत्ति 75 फीसदी ऋण लेकर खरीदी जा रही है. इससे पहले दिन में, शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने दावा किया, ''एक मंत्री के बेटे के प्रमुख स्थान पर एक संपत्ति 67 करोड़ रुपये में खरीदी गई थी.'' वह जाहिर तौर पर मंत्री शिरसाट के बेटे सिद्धांत का जिक्र कर रहे थे, लेकिन उन्होंने उनका नाम

# मुंबई : शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का वादा करके 36.56 लाख रुपये ठगने वाले दो शातिर ठग गिरफ्तार




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक महिला को शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का वादा करके 36.56 लाख रुपये ठगने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर लिया. दोनों आरोपी एक ऑनलाइन ठगी रैकेट के सदस्य हैं. अब पुलिस इस रैकेट में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है. इस मामले की जानकारी मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार दी. मुंबई में उत्तरी क्षेत्र साइबर पुलिस के अनुसार, आरोपी पंकज प्रभाकर लोहार और धर्मेश धीरजलाल चावड़ा साइबर जालसाजों के संपर्क में थे और उन्होंने अपराध को अंजाम देने के लिए उन्हें कई बैंक खाते उपलब्ध कराए थे.

शिकायतकर्ता गोरेगांव की रहने वाली है और कई सालों से शेयरों में निवेश कर रही है. पिछले साल दिसंबर में उसे सोशल मीडिया पर शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा एक विज्ञापन दिखा था. लिंक पर क्लिक करने पर वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गई थी, जहां शेयर ट्रेडिंग पर चर्चा और दैनिक टिप्स शेयर किए जा रहे थे. उत्तरी क्षेत्र साइबर पुलिस के अनुसार, आरोपी पंकज प्रभाकर लोहार और धर्मेश धीरजलाल चावड़ा साइबर जालसाजों के संपर्क में थे और उन्होंने अपराध को अंजाम देने के लिए उन्हें कई बैंक खाते उपलब्ध कराए थे. पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता गोरेगांव की रहने वाली है और कई सालों से शेयरों में निवेश कर रही है. पिछले साल दिसंबर में उसे सोशल मीडिया पर शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा एक विज्ञापन दिखा था. लिंक पर क्लिक करने पर वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गई थी, जहां शेयर ट्रेडिंग पर चर्चा और दैनिक टिप्स शेयर किए जा रहे थे. पुलिस अफसर ने कहा कि उस ग्रुप में कई सदस्य थे, जिनमें से कई ने महत्वपूर्ण रिटर्न कमाया था, जिससे विश्वसनीयता की भावना पैदा हुई. उसे एक खाता सौंपा गया था, जिसके माध्यम से उसने 36.56 लाख रुपये का निवेश किया. कुछ समय बाद, ऐप ने उसके खाते में 2.82 करोड़ रुपये का लाभ दिखाया. हालांकि, वो महिला यह रकम नहीं निकाल सकी. पुलिस ने कहा कि जब इस व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन से संपर्क करने के उसके सभी प्रयास विफल हो गए, तो उसने साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और उत्तर क्षेत्र साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई.

# कोल्हापुर : इंसानियत शर्मसार ; 40 वर्षीय दिव्यांग महिला को जंजीरों में कैद करके रखा...



**कोल्हापुर :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने इंसानियत को शर्मसार करके रख दिया. साइबर चौक क्षेत्र में रहने वाली एक 40 वर्षीय दिव्यांग महिला को जंजीरों में कैद करके रखा गया था. बताया जा रहा है कि इस महिला को पिछले एक-दो महीने से उसके ही घर में जंजीरों में बांधकर रखा गया था.

**पुलिस ने ताला खोलने वाले को बुलाया**

कोल्हापुर पुलिस की क्राइम ब्रांच और राजारामपुरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह मामला उजागर हुआ. इस महिला का नाम सारिका है. पुलिस ने ताला खोलने वाले एक व्यक्ति को बुलाकर महिला को जंजीरों से मुक्त कराया. महिला की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण उसे इलाज के लिए कोल्हापुर के सीपीआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले में पुलिस ने उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

**शिवसेना यूबीटी ने परिवार के युवक को पीटने की कोशिश की**

वहीं दूसरी ओर, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के नेता और उपनेता संजय पवार ने घटनास्थल पर पहुंचकर महिला को बांधने वाले परिवार के एक युवक के साथ मारपीट करने की कोशिश की. इससे कुछ समय के लिए वहां का माहौल तनावपूर्ण बन गया था.

**महिला के भाई और भतीजों पर दर्ज होगा केस**

महिला का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है. महिला के भाई और भतीजे के खिलाफ केस दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू की गई. जब पुलिस की टीम वहां पहुंची को महिला की हालत देखकर हर कोई चौंक गया.

महिला पुलिसकर्मियों ने पीड़िता को संभाला और उसे जंजीरों के चंगुल से आजाद कराया. पुलिस ने कुछ चाबियों से ताले को खोलने की कोशिश की लेकिन ताला खुला नहीं. बाद में ताला खोलने वाले कारीगर को बुलाया गया. कारीगर ने पुलिस के सामने ही ताले की चाबी बनाई और उसे खोला.

# बस ड्राइवर पर जानलेवा हमला, पुरानी रंजिश में मारपीट कर किया जख्मी



**भिवंडी :** भिवंडी शहर के कल्याण रोड स्थित वेलकम होटल के पास सोमवार रात एक बस ड्राइवर पर जानलेवा हमला किया गया। घटना में घायल हुए व्यक्ति की पहचान समद अनवर शेख (34) के रूप में हुई है, जो पेशे से बस चालक हैं और सोलापूर चाल, सईद कंपाउंड, भिवंडी में रहते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी सज्जाद शमीम शेख और तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर पीड़ित समद शेख पर उस समय हमला किया जब वे काम से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि समद और सज्जाद के बीच पहले से मनमुटाव था, और आरोपी ने पहले भी उन्हें धमकी दी थी। गुरूवार रात करीब 9:15 बजे समद शेख जब वेलकम होटल के पास पहुंचे, तो सज्जाद और उसके साथियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया और जान से मारने की नीयत से लाठी और अन्य हथियारों से वार किया गया, जिससे समद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। भिवंडी शहर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। भिवंडी शहर पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश जारी है।

# 16 साल की लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या... पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती शहर में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां के गाडगे नगर थाना क्षेत्र में 16 साल की लड़की ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. डॉक्टरों की प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि मृत किशोरी गर्भवती थी.

# होटल और लॉज में रुकने वालों की जानकारी पुलिस को देना अनिवार्य जानकारी न देने पर दर्ज होगी एफआईआर




**मुंबई :** पुलिस ने संभावित आतंकवादी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से शहर के मकान मालिकों और प्रॉपर्टी डीलरों के लिए एक अहम आदेश जारी किया है। डीसीपी अभियान संग्रामसिंह निशानदर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 10 (2) के तहत यह आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, मुंबई पुलिस आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी मकान मालिक, होटल, लॉज, गेस्ट हाउस और मुसाफिरखाना संचालकों को जिस व्यक्ति को मकान किराए पर दिया है, उसकी पूरी जानकारी मुंबई पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट www.mumbipolice.gov.if/TefftForm?ps_id=0 पर ऑनलाइन दर्ज करनी पड़ेगी।

यदि किरायेदार विदेशी नागरिक है, तो उसके पासपोर्ट, वीजा, राष्ट्रीयता, शहर में रहने का कारण, और रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी देना अनिवार्य होगा। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेगी। यह आदेश 31 मई की रात 12:01 बजे से लागू होकर 29 जुलाई की रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुंबई: कोरोना वायरस संक्रमण के 84 नये मामले; कुल संख्या बढ़ कर 681...



**मुंबई:** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 84 नये मामले सामने आए और इसके साथ ही, साल की शुरूआत से अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या बढ़ कर 681 हो गई। राज्य के सार्वजनिक आरोग्य विभाग ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं और लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है। विभाग ने बताया कि नये मामलों में से मुंबई में 32, ठाणे जिले में दो, ठाणे नगर निगम क्षेत्र में 14, नवी मुंबई में एक, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में एक, रायगढ़ जिले में दो, पनवेल में एक, नासिक शहर में एक, पुणे जिले में एक, पुणे नगर निगम में 19, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम में तीन, सतारा में दो, कोल्हापुर जिले में एक, कोल्हापुर नगर निगम में एक और सांगली नगर निगम क्षेत्र में तीन मामले शामिल हैं।

राज्य में कोविड-19 के 467 उपचाराधीन मरीज हैं, जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक सामने आए मामलों की संख्या 411 है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी मामले हल्के लक्षणों वाले हैं। जनवरी से अब तक 10,324 नमूनों की जांच की गयी जिनमें से 681 पॉजिटिव पाये गए। एक जनवरी से अब तक राज्य में कोविड-19 के सात मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच और उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।

# मुंबई: 2,652 महिला सरकारी कर्मचारियों को 'लाडकी बहिन' योजना की लाभार्थी सूची से हटाया; प्राप्त राशि वसूल किया जाएगा






**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाडकी बहिन' योजना अब राज्य के लिए भारी वित्तीय बोझ बनती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया गया था, लेकिन अब सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना पड़ रहा है। सरकार ने 2,652 महिला सरकारी कर्मचारियों को योजना की लाभार्थी सूची से हटा दिया है, क्योंकि वे इस योजना के लिए पात्र नहीं थीं। इन कर्मचारियों ने अब तक 3.58 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की है, जिसे अब उनसे वसूल किया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि 'लाडकी बहिन' योजना के कारण सरकार पर भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

आईटी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। क्योंकि अभी तक करीब 6 लाख कर्मचारियों के रिकॉर्ड की जांच बाकी है। राज्य सरकार के कर्मचारी, मुंबई, ठाणे, नासिक, नागपुर और अन्य नगर निगमों के साथ-साथ सरकारी शिक्षक भी शामिल हैं। इन सभी के रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। इस प्रक्रिया में समय लगेगा क्योंकि हमने इन सभी निकायों से रोजगार रिकॉर्ड मांगे हैं। सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले महिलाओं को रिझाने के लिए यह योजना शुरू की थी। इसके अंतर्गत 21 से 65 वर्ष की आयु की वे महिलाएं जिनकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है। उन्हें 1,500 रुपये प्रति महीने की सहायता दी जाती है। हालांकि, सरकारी कर्मचारियों की आय इस सीमा से अधिक होती है, इसलिए वे इस योजना के पात्र नहीं हैं। इसके बावजूद, कई सरकारी कर्मचारियों ने बिना किसी कड़ी जांच के इस योजना का लाभ उठाया। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए सालाना 36,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इससे राज्य की वित्तीय स्थिति पर गंभीर असर पड़ा है। अगले साल तक महाराष्ट्र का कुल कर्ज 9.36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। 2024-25 के लिए राज्य का ब्याज भुगतान 54,687 करोड़ रुपये था, जो अगले वर्ष 64,658 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। यही कारण है कि सरकार अब पात्रता की सख्ती से जांच कर रही है।

# मुंबई : बेमौसम बारिश और तूफान से प्रभावित किसानों को दिया जाएगा मुआवजा



**मुंबई:** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के अनुसार, अप्रैल और मई महीने के दौरान राज्य में हुई बेमौसम बारिश और तूफान से प्रभावित किसानों को नुकसान का आकलन पूरा होने के बाद मुआवजा दिया जाएगा। अप्रैल और मई के दौरान तीखे मौसम के तेवर ने प्रदेश के विदर्भ क्षेत्र और अमरावती जिले समेत कई हिस्सों में फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचाया था। राजस्व मंत्री के अनुसार, सरकार किसानों को तत्काल मुआवजा देगी। अधिकारियों से नुकसान का आकलन पूरा करने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। नुकसान के आकलन की रिपोर्ट राज्य सचिवालय को भेजी जाएगी। राजस्व मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार धन आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाएगी और किसानों को बिना देरी के मुआवजा दिया जाएगा।

**समय पर किसानों को सहायता जरूरी**

अमरावती दौरे के दौरान राजस्व मंत्री ने स्थिति की समीक्षा कर अधिकारियों को मुआवजा प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि समय पर सहायता महत्वपूर्ण है। मैंने प्रशासन को प्रभावित किसानों को राहत सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**हजार से अधिक गांव और हजारों हेक्टेयर जमीन प्रभावित**

शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में हुई बारिश ने 1,174 गांव को प्रभावित किया और लगभग 794 हेक्टेयर केले, संतरा, पपीता, प्याज और गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचाया। इस अवधि में नुकसान का अनुमान 2.83 करोड़ रुपये है। वहीं, मई महीने में मौसमी घटनाओं ने 325 गांव को प्रभावित किया। इस दौरान 13,639 हेक्टेयर में फसलें प्रभावित हुईं। इनमें मूंग, तिल, केला, संतरा, पपीता, प्याज, ज्वार और नींबू शामिल हैं।

**जान-माल का नुक्सान**

बेमौसम तूफान ने जान-माल को भी नुकसान पहुंचाया। मई महीने के दौरान बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई। अप्रैल में 18 घरों को आंशिक नुकसान हुआ और एक पूरी तरह से नष्ट हो गया। मई में नुकसान बढ़ा और 741 घर और कई पशुधन आश्रय स्थल क्षतिग्रस्त हो गए।

**प्रदेश सरकार का लक्ष्य**

राजस्व मंत्री के अनुसार, मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि और पशु मालिकों को पशुधन सहायता वितरित करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मई में आए तूफानों के दौरान 29 छोटे और 12 बड़े जानवर मारे गए। यह सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं कि सभी प्रभावित व्यक्तियों - चाहे वे किसान हों, घर के मालिक हों या पशुधन के मालिक हों को वह सहायता मिले जिसके वे हकदार हैं।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई !




**कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के जी वार्ड अंतर्गत आयरे गांव में सीवर व नालियों की सफाई के संबंध में वार्ड के छ.ग. आयुक्त हेमा मुंबरकर ने निरीक्षण और सर्वेक्षण किया, जिसके दौरान संबंधित क्षेत्र में एक चॉल का अनधिकृत निर्माण पाया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की वार्ड सी की टीम को 15 नींव और 5 पूर्ण हो चुके कमरों का अनाधिकृत निर्माण नजर आया। यह निर्माण कार्य सार्वजनिक सीवर और नाले पर अतिक्रमण करके किया गया था, इसलिए नगर निगम के वार्ड सी के अतिक्रमण निरोधक दल द्वारा तत्काल बेदखली की कार्रवाई कर अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया तथा क्षेत्र में साफ-सफाई एवं खुलापन बनाए रखा गया है। नगर निगम ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी तरह का अनाधिकृत निर्माण या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह मनपा लगातार कहती आ रही है पर इसका अशर नहीं दिखाई दे रहा है क्योंकि अवैध निर्माण कैसे हो रहे हैं।

# पालघर :रिसॉर्ट में दुर्घटनावश चली गोली से छात्रा घायल...



**पालघर :** पालघर जिले के एक रिसोर्ट में शुक्रवार को बंदूक से दुर्घटनावश चली गोली से 17 वर्षीय कालेज छात्रा के घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक यह घटना आज दोपहर पालघर के 'केल्व' रिसॉर्ट में हुई जहां यह छात्रा अपने पुरूष मित्र के साथ पिकनिक मनाने आई थी। छात्रा की पहचान मुंबई के एक कालेज में पढने वाली तेजल शिवराम भिदे के तौर पर की गई है। उसे पास के अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# मुंबई: शहर की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम; 13 उपायुक्तों का तबादला




**मुंबई:** पुलिस विभाग में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। एक साथ 13 उपायुक्तों का तबादला किया गया है। इसे शहर की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, वो भी तब जब चंद महीनों में बीएमसी चुनाव होने है।

इस फेरबदल के तहत शहर के विभिन्न जोनों और विशेष शाखा में नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जोन 3 की कमान अब कृष्णकांत उपाध्याय को सौंपी गई है, जबकि जोन 10 में दत्ता किसन नलावडे की नियुक्ति की गई है। महेश धमार्जी चिमटे अब जोन 12 की जिम्मेदारी संभालेंगे, तो समीर असलम शेख जोन 6 में सेवाएं देंगे। वहीं राकेश ओला को जोन 7 की कमान दी गई है। इनके अलावा कुछ विशेष विभागों में भी अनुभवी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। नवनाथ धवले अब नारकोटिक्स सेल की कमान संभालेंगे, जबकि विजयकांत मंगेश सागर को पोर्ट सर्कल में तैनात किया गया है और प्रशांत अशोक सिंह परदेशी को ट्रैफिक विभाग (दक्षिण) का प्रभार मिला है। निमित गोयल को विशेष कार्य बल (एसएजी) और दत्तात्रेय कांबले को विशेष शाखा 1 में नियुक्त किया गया है। पुरुषोत्तम नारायण करहाड़ को साइबर और अपराध विभाग का प्रभार दिया गया है, सचिन बी गुंजाल को निवारक अपराध शाखा और राज तिलक रोशन को अपराध जांच विभाग सौंपा गया है।



# प्रेग्नेंसी के दौरान क्यों होती है ब्लीडिंग?

कुछ महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लीडिंग होने की समस्या नजर आती है, जिसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। यदि आपको भी ब्लड स्पॉट या ब्लीडिंग हो, तो इसे डॉक्टर से तुरंत बताएं।

गर्भावस्था के पूरे नौ महीने बेहद नाजुक होते हैं। इसमें हर गर्भवती महिला को अपना एक-एक कदम बहुत सावधानी पूर्वक बढ़ाना होता है। अपने खानपान, घर-ऑफिस के काम, जीवनशैली को फॉलो करने के तरीके में बहुत सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। ऐसा नहीं करने पर महिला के साथ गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी नुकसानदायक साबित हो सकता है। कई बार कुछ महिलाएं प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही में उल्टी, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, पेट, कमर में दर्द आदि समस्याओं से परेशान रहती हैं। लेकिन, कुछ महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लीडिंग होने की समस्या नजर आती है। ब्लीडिंग आने की समस्या को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यदि आपको भी ब्लड स्पॉट या ब्लीडिंग नजर आए, तो इसे डॉक्टर से तुरंत बताएं। कई बार गर्भपात होने पर भी यह समस्या हो सकती है। प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लीडिंग होने के कारण और बचाव के क्या उपाय हो सकते हैं।

## प्रेग्नेंसी में क्यों होती है ब्लीडिंग

प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लीडिंग होने की संभावना कभी भी हो सकती है। ब्लीडिंग के चांसेज और कारण प्रेग्नेंसी की तिमाही में अलग-अलग होते हैं। किसी को पहले तीन महीने में ब्लीडिंग होती है, तो उसका मतलब है कि इंटरनल कोई ब्लड क्लॉटिंग हो रही है, प्रेग्नेंसी कमजोर हो या फिर नाल अच्छी तरह से बच्चेदानी के साथ ना जुड़ी या चिपकी हो, जिसके कारण कोई जमाव होने के कारण शुरूआत में ब्लीडिंग हो सकती है। इसे थ्रेटेंड अबॉर्शन कहा जाता है। फिर मिड ट्राइमेस्टर (4-6 महीना) में भी ब्लीडिंग होने के अलग कारण हो सकते हैं। पहली तिमाही में जो क्लॉटिंग हुई, वो सही नहीं हुई या बढ़ गई है, तो इससे दूसरी तिमाही में भी ब्लीडिंग हो सकती है। यदि किसी को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, ट्विन प्रेग्नेंसी है, तो ऐसे मामलों में भी ब्लीडिंग किसी भी दौरान हो सकती है। ऐसे में प्रेग्नेंट महिलाओं का अपना खास ध्यान रखना चाहिए।

## प्रेग्नेंसी के दौरान ब्लीडिंग की समस्या से कैसे राहत पाएं

- यदि किसी गर्भवती महिला के अंदर हार्मोंस की कमी है या हार्मोंस कमजोर हैं, तो हार्मोन सप्लीमेंट इंजेक्शन के जरिए देकर ब्लीडिंग को रोका जाता है। ब्लीडिंग किसी भी समय आपको अधिक हो, तो अलर्ट रहें, मां-बच्चे दोनों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- अगर नाल नीचे है, तो तुरंत ऑपरेशन के जरिए डिलिवरी की जाती है। अगर नाल बच्चेदानी से अलग हो गई है, तो भी यह मां तथा बच्चे के लिए जानलेवा हो सकता है। ऐसे मामलों में भी डिलीवरी करनी पड़ सकती है।
- प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपना ब्लड प्रेशर चेक कराते रहना चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि इंटरनल ब्लीडिंग हो रही है या नहीं। अगर किसी मरीज को किसी तरह के इंजेक्शन या ब्लड थिनर्स दिया जा रहा होता है, तो उन्हें ब्लीडिंग के प्रति बहुत सचेत रहना चाहिए और अपने डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए।

# Sun Charged Water के सेहत से जुड़े हैं बड़े फायदे

सूरज की किरणों में कई ऐसे कॉम्पोनेंट्स होते हैं जो हमारे बायोलॉजिकल फंक्शन को बेहतर रखने में काफी फायदेमंद होते हैं। यहां तक की अगर सूरज की रोशनी में हम घंटों पीने के पानी को रखें और इसका पीने में इस्तेमाल करें तो यह पानी सेहत के लिए और भी फायदेमंद हो सकता है। वॉटरबेनिफिट्स हेल्थ के मुताबिक, दरअसल ऐसा करने से पानी सूरज की रोशनी से चार्ज हो जाता है और इसमें कई इलेक्ट्रिकल असेंशियल आ जाते हैं। इस सन चार्ज्ड वॉटर का इस्तेमाल करने से कई गंभीर समस्याओं में फायदा मिलता है। सन चार्ज्ड वॉटर का इस्तेमाल पीने, गरारे करने, आँख धोने, घाव धोने, या मालिश करने में किया जाता है।

## *इस तरह बनाएं सन चार्ज्ड वॉटर*

*सन चार्ज्ड वॉटर बनाने के लिए आप स्प्रिंग वॉटर या टैप वॉटर लें और कांच के कंटेनर में इसे रखें। ध्यान रहे कि आरओ वॉटर का इस्तेमाल फायदेमंद नहीं होता है। क्योंकि आरओ वॉटर में मिनरल्स नहीं पाए जाते हैं और ये पॉजिटिविटी चोंड होता है। अब इस पानी के कंटेनर को ढककर धूप में दिन भर के लिए रखें। ध्यान रहे कि इसे मिट्टी पर रखें। अगर ऐसा ना कर पाएं तो आप सीमेंट, बालू, या पत्थर के ऊपर रखें। 5 से 6 घंटे बाद आप इसे पीने के इस्तेमाल में लाएं।*




# कहीं आप तो नहीं हो रहे हैं प्रीडायबिटीज से ग्रस्त

**दुनिया भर में डायबिटीज के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। टाइप 2 डायबिटीज जीवनभर चलने वाली एक क्रोनिक कंडीशन है, जिसे सही तरीके से मैनेज ना किया जाए, तो कई अन्य शारीरिक समस्याओं का कारण बन सकता है। डायबिटीज की बीमारी आज मोटापा, खराब जीवनशैली, एक्सरसाइज की कमी, खराब खानपान के कारण अधिक हो रही है। एक बार डायबिटीज हो जाए, तो इसे सिर्फ शुगर लेवल को कंट्रोल करके ही उम्र भर मैनेज किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसका कोई इलाज नहीं है। हालांकि, प्रीडायबिटीज के लक्षणों को पहचानकर डायबिटीज के जल्दी बढ़ने को काफी हद तक रोक सकते हैं।**

## क्या है प्रीडायबिटीज

टीओआई की खबर के अनुसार, प्रीडायबिटीज या बॉर्डलाइन डायबिटीज वह कंडीशन है, जो टाइप 2 डायबिटीज होने से पहले विकसित होता है। प्रीडायबिटीज होने पर रक्त शर्करा का स्तर सामान्य से अधिक होता है, लेकिन इतना अधिक नहीं होता कि उसे डायबिटीज कहा जा सके। इस स्थिति में भी पैन्क्रियाज पर्याप्त इंसुलिन का निर्माण करता है, लेकिन रक्तप्रवाह से अतिरिक्त शर्करा को हटाने में कम प्रभावी होता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि होती है। डायबिटीज और प्रीडायबिटीज दोनों ही बीमारियां शरीर द्वारा उत्पादित होने वाले प्राकृतिक हार्मोन इंसुलिन के कारण होती है। ब्लड शुगर लेवल तब बढ़ जाता है, जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बनाती है या इंसुलिन के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करती है। हाई ब्लड शुगर लेवल होने से प्रीडायबिटीज और आगे चलकर डायबिटीज में तब्दील हो जाता है।



## प्रीडायबिटीज के संकेत और लक्षण

- शरीर के किसी खास भाग की त्वचा का डार्क होना जैसे कोहनी, घुटना, गर्दन, अंडरआर्म्स आदि।
- अधिक थकान महसूस करना।
- बिना किसी कारण के अचानक वजन बढ़ना या कम होने लगना।
- चिड़चिड़ापन और चक्कर आना।

## डायबिटीज से बचाव के उपाय

यदि आप प्रीडायबिटीज से ग्रस्त हो गए, तो जीवनशैली, खानपान की आदतों में बिना बदलाव किए डायबिटीज से नहीं बच सकते हैं। टाइप 2 डायबिटीज होने पर स्ट्रोक, किडनी रोग, दिल संबंधित बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। हेल्दी खानपान, प्रतिदिन 30 मिनट एक्सरसाइज करने, वजन कंट्रोल करने, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करने, एल्कोहल और धूम्रपान ना करना, लो सैचुरेटेड फैट्स युक्त डाइट का सेवन, फ्रोजन और प्रॉसेस्ड फूड्स से दूरी बनाकर प्रीडायबिटीज और डायबिटीज के होने की संभावनाओं को कम कर सकते हैं।

## प्रीडायबिटीज के जोखिम कारक

- परिवार में टाइप 2 डायबिटीज होना
- हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल
- शारीरिक रूप से एक्टिव ना रहना
- हार्ट डिजीज या स्ट्रोक की समस्या
- मोटापा और पीसीओएस
- जेस्टेशनल डायबिटीज

# बीजेपी के नए बॉस को लेकर जाने क्या आया अपडेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के लिए नए अध्यक्ष का इंतजार काफी लंबा हो गया है। आम चुनाव के करीब 1 साल बीतने के बावजूद भाजपा को अब तक नया अध्यक्ष नहीं मिल सका है। हालांकि, खबरें थी कि अप्रैल या मई महीने में भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच इस लेकर निर्णय नहीं लिया जा सका। हालांकि, अब इस मामले में एक नया अपडेट सामने आया है।

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जून के तीसरे या चौथे सप्ताह में हो सकता है। इसका मतलब साफ है कि जून के आखिर तक बीजेपी को नया बॉस मिल जाएगा। फिलहाल जेपी नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनका कार्यकाल 2020 से 2023 तक था। लेकिन कार्यकाल को लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया गया। इसके बाद से लगातार अभी तक नड्डा का कार्यकाल बढ़ता रहा है। इसके बाद अब इसकी संभावना ज्यादा दिख रही है कि जल्दी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर निर्णय लिया जा सकता है।

फिलहाल पार्टी राज्यों में संगठन को लेकर चुनाव कर रही है। इसके बाद 50 प्रतिशत राज्यों में संगठन चुनाव संपन्न हो जाने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर प्रक्रिया शुरू कर सकती है। जानकारी के मुताबिक भाजपा चुनाव के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के लिए अधिसूचना जारी करेगी। राज्यों में संगठन आत्मक चुनाव संपन्न होने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने है। भाजपा अध्यक्ष पद की रेस में कई नाम सुर्खियों में है। हालांकि इस बार भाजपा का जो राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा, उसके ऊपर 2029 आम चुनाव भी होगा। इसके अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम में महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव है जो भाजपा के लिए बेहद अहम है। इसके बाद पार्टी आगे किस तरीके की रणनीति बनाकर चलती है, यह भी देखने वाली बात होगी।

# मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए उतावली हो रही कर्नाटक की कांग्रेस सरकार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए उतावली है। इसके लिए सिद्धारमैया सरकार ने दो बार विधेयक राज्यपाल को भेजा है। राज्यपाल ने दोनों बार यह विधेयक वापस कर दिया है। अब तीसरी बार यह बिल सीधे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के पास भेजने पर विचार मंथन चल रहा है। इस विधेयक में एक करोड़ रुपये तक के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान है। इसी साल मार्च में राज्य विधानमंडल ने इस बिल का पारित किया था।



राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025 को भारत के राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजे जाने संबंधी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया था। इससे पहले राज्यपाल गहलोत ने 16 अप्रैल को इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित रख लिया था लेकिन 28 मई को सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया।

बता दें कि गवर्नर थावरचंद गहलोत ने भाजपा की आपत्तियों के बावजूद पहली बार विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। भाजपा ने तब इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह बिल संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है क्योंकि इसमें धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की गई है। दूसरी बार, इस बिल को लौटाते हुए गवर्नर गहलोत ने हाल के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया है कि अनुच्छेद 15 और 16 धर्म के आधार पर आरक्षण पर रोक लगाते हैं और कोई भी सकारात्मक कार्यवाही सामाजिक-आर्थिक कारकों पर आधारित होनी चाहिए।गवर्नर के आदेश में कहा गया है, मैं कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025 को राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित करने के निर्णय पर पुनर्विचार न करने के लिए बाध्य हूं। पंद्रह अप्रैल, 2025 को पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए सरकारी फाइल वापस की जाये।

### गवर्नर के फैसले को अदालत में चुनौती देने पर विचार

अब राज्य के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने गुरुवार को इस बिल पर अगला कदम उठाने का फैसला लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और कानूनी विशेषज्ञों से मिलने की योजना बनाई थी, हालांकि वह बैठक स्थगित कर दी गई। रिपोर्ट में वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि सिद्धारमैया सरकार ने अब गवर्नर गहलोत के फैसले को अदालत में चुनौती देने पर विचार किया है और चर्चा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संवैधानिक विशेषज्ञों ने कथित तौर पर अदालती कार्रवाई ना करने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी विशेषज्ञों ने राज्य सरकार से कहा है कि अदालत का दरवाजा खटखटाने की बजाय वैकल्पिक मार्ग तलाशे जाएं।

## नेपाल में अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के मौके पर भारत के 15 पर्वतारोही सम्मानित

किन्नौर। नेपाल में अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के मौके पर 100 से अधिक पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया। समारोह में भारत के 15 पर्वतारोही भी शामिल थे। नेपाल के पर्यटन मंत्री बद्री पांडे ने सभी पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के किन्नौर से अमित नेगी भी सम्मानित हुए थे। वे भारत के सबसे युवा एवरेस्ट विजेताओं में से एक हैं। उन्होंने एवरेस्ट (8848.86 मीटर), कंचनजंगा (8,586 मीटर) और अन्नपूर्णा (8091 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह किया है। किन्नौर के पहले युवा हैं, जिन्होंने अन्नपूर्णा पर्वत पर चढ़ाई की है। समारोह में भारत से आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और नवोदिता समेत अन्य पर्वतारोही भी सम्मानित हुए। इस अवसर पर एवरेस्ट एलायंस नेपाल ने एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया।

# बड़े मियां दिल्ली से और छोटे मियां हैदराबाद से... राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी पर जी किशन रेड्डी का निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के बयान पर केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मैं इस बयान की निंदा करता हूं। %बड़े मियां% राहुल गांधी दिल्ली से बोलते हैं और %छोटे मियां% रेवंत रेड्डी हैदराबाद से बोलते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों का अपमान करना सरासर गलत है। यहां तक ??कि पाकिस्तान ने भी राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का दावा नहीं किया। लेकिन इन दोनों ने ऐसा दावा किया। इन बयानों की निंदा की जानी चाहिए और इन दोनों को अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए।



जी किशन रेड्डी ने यह भी कहा कि किसकी सरकार ने पीओके को पाकिस्तान को सौंप दिया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद, राज्य से आईएसआई नेटवर्क को हटा दिया गया। पहले प्रत्येक भारतीय राज्य में आतंकवादी गतिविधियाँ होती थीं और हम केवल मोमबत्तियाँ जलाते थे, अपनी नियति को स्वीकार करते थे। अब, हम ब्रह्मोस जलाते हैं और पाकिस्तान पर हमला करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पीओके पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि यह वही है जो इस मुद्दे और आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है।

केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी रेवंत रेड्डी की उस मांग के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 140 करोड़ भारतीयों को यह बताने को कहा था कि हालिया संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी सेना ने कितने राफेल विमान मार गिराए। किशन रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस और उसके नेता सस्ती और गंदी राजनीति का सहारा ले रहे हैं, यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाया है और संदेह जताया है, यह पहली बार नहीं है जब वे हमारे सशस्त्र बलों का मनोबल गिरा रहे हैं, यह पहली बार नहीं है जब वे दुश्मन की बोल रहे हैं।' भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के प्रमुख किशन रेड्डी ने पूछा, 'कांग्रेस भारत के प्रति वफादार है या.... ?'

# पीएम मोदी को पटना में उड़ाने की धमकी वाला संदेश भेजने वाला गिरफ्तार

**भागलपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय बिहार दौरे पर गुरुवार को पटना पहुंचे। शुक्रवार को उनका रोहतास जिले के बिक्रमगंज में कार्यक्रम है। मोदी के पटना पहुंचने से पहले ही भागलपुर के पुलिस अधिकारियों को एक धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें पीएम मोदी को पटना में उड़ाने की बात कही गई। यह मैसेज देख एक बार तो पुलिस अफसरों के होश उड़ गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों को मैसेज मिला कि मोदी पटना आ रहे हैं, वहीं उनको उड़ा दिया जाएगा। पीएम को जान से मार दिया जाएगा। मैसेज मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई। भागलपुर के सुल्तानगंज से धमकी भरा मैसेज भेजने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में मामला कुछ और ही निकला।

### अपने चाचा को फंसाने के लिए किया था मैसेज

पुलिस ने तुरंत इस मामले पर ऐक्शन लिया। मैसेज भेजने वाले को ट्रेस किया गया। पता चला कि यह नंबर भागलपुर जिले में सुल्तानगंज के महेशी निवासी बुजुर्ग मंटू चौधरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, तो मामला स्पष्ट हो गया। पता चला कि बुजुर्ग के भतीजे ने ही अपने चाचा को फंसाने के लिए धमकी भरा फर्जी मैसेज भेज दिया था। दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद है।पुलिस ने भतीजे समीर कुमार रंजन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने मैसेज भागलपुर एसएसपी के अलावा कई थानों की पुलिस को भेजा था। एसएसपी हृदय कांत ने बताया कि युवक ने चाचा को फंसाने के लिए मैसेज भेजा था। मामले की जांच की जा रही है।

### पहले भी फैलाया था बम प्लांट का मैसेज

पुलिस जांच में पता चला कि जिस मोबाइल फोन से धमकी भरे मैसेज भेजे गए वह आरोपी के ही फिंगरप्रिंट से खुलता है। उसके मोबाइल फोन की जांच में यह भी पता चला कि पीएम के भागलपुर दौरे के दौरान भी उसने एयरपोर्ट पर बम प्लांट करने का मैसेज इधर-उधर भेजा था। इसके लिए उसने वीपीएन का इस्तेमाल किया था।

# मणिपुर में फिर सरकार बनाने की कवायद शुरू, कौन बनेगा सीएम उलझेगा पेंच?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले दो साल से ज्यादा हिंसा की घटनाओं को लेकर चर्चा में रहा मणिपुर अब फिर सुर्खियों में है। इस साल फरवरी में सीएम पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा था। अब पूर्वोत्तर के इस हिंसाग्रस्त राज्य में सरकार गठन की कवायद फिर से शुरू हो गई है।

मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन के बीच अब अचानक सरकार गठन के कवायद की खबर आई है। तो इसके पीछे क्या है? अब चर्चा इसे लेकर शुरू हो गई है। मणिपुर बीजेपी या बीजेपी नेतृत्व किसी की भी तरफ से इसे लेकर अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। बीजेपी के विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 10 विधायकों के डेलिगेशन ने राज्यपाल से मुलाकात की है और 44 विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए सरकार बनाने की बात कही है।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद बीजेपी विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने सरकार गठन के दावे को लेकर सवाल पर कहा कि इस पर फैसला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को करना है। यह बताना कि हम सरकार बनाने के लिए तैयार हैं, दावा पेश करने जैसा ही है। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा स्पीकर ने एक-एक कर और समूह में, दोनों तरीके से 44 विधायकों से मुलाकात की। किसी ने भी नई सरकार के गठन का विरोध नहीं किया। बीजेपी विधायक ने कहा कि सरकार के अभाव में लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। राजनीति के जानकार इस कवायद के पीछे मणिपुर का सेंटीमेंट टेस्ट करने की रणनीति को वजह बता रहे हैं। मणिपुर में हालात पहले के मुकाबले काफी सुधरे हैं। हो सकता है कि बीजेपी की सोच सरकार गठन को लेकर किसी पहल से पहले जनता के मिजाज को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हो लेने की हो।

मणिपुर में विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं। ऐसे में बीजेपी अगर फिर से सरकार बनाती है, तो पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह ही सीएम बनेंगे या कोई और? चर्चा इसे लेकर भी हो रही है। मणिपुर के अगले सीएम के लिए एक विकल्प गैर मैतेई, गैर कूकी सीएम का भी है। लेकिन ऐसा होगा, इसके आसार ना के बराबर ही हैं। हिंसा की शुरुआत से ही कूकी संगठन सरकार पर एक वर्ग के पक्ष में काम करने का आरोप लगाते आए हैं। अलग-अलग संगठन भी मणिपुर में शांति के लिए बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग करते रहे हैं। बीरेन सिंह तमाम विरोध और खराब हालात के बावजूद सीएम पद पर बने रहे, तो इसके पीछे मैतेई वोटबैंक की ताकत को ही वजह बताया जाता है।

60 सदस्यों वाली मणिपुर विधानसभा की वर्तमान स्ट्रेंथ 59 विधायकों की है। एक विधायक के निधन के कारण एक सीट खाली है। बीजेपी की अगुवाई वाले गठबंधन के 44 विधायक हैं। जातीय हिंसा का दंश झेल रहे मणिपुर में जाति-वर्ग के नजरिये से देखें तो बीजेपी की अगुवाई वाले गठबंधन के कुल विधायकों में 32 मैतेई, तीन मणिपुरी मुस्लिम और नौ नगा विधायक हैं। इस गठबंधन से सात कूकी भी विधानसभा चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे, जिन्होंने जातीय हिंसा के बाद अपने दल से किनारा कर लिया था। कांग्रेस के सभी पांच विधायक मैतेई वर्ग से हैं। बाकी तीन विधायक कूकी हैं। इस तरह देखें तो मणिपुर विधानसभा में 37 मैतेई विधायक हैं। यह नंबर बहुमत के लिए जरूरी 31 के जादुई आंकड़े से छह ज्यादा है।



## रूस को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी जहाजों के बीमा की जांच करेगा स्वीडन

स्टाकहोम। स्वीडन ने कहा है कि वह रूस की ओर से छद्म जहाजों के इस्तेमाल के मद्देनजर विदेशी जहाजों के बीमा की जांच तेज करेगा। रूस खुद पर लगे प्रतिबंधों के कारण तेल और गैस की ढुलाई के लिए छद्म जहाजों का इस्तेमाल करता है। स्वीडन सरकार ने कहा कि एक जुलाई से तटरक्षक और स्वीडिश समुद्री प्रशासन को न केवल स्वीडिश बंदरगाहों पर आने वाले जहाजों बल्कि देश के प्रादेशिक जलमार्ग और विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों के बीमा की भी जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने एक बयान में कहा, यह कदम बाल्टिक सागर में स्वीडन की स्पष्ट उपस्थिति को रेखांकित करता है। इस कदम से स्वीडन और हमारे सहयोगियों को जहाजों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी मिलेगी, जिसका उपयोग छद्म जहाजों पर प्रतिबंध लगाने में किया जा सकता है।

## पाकिस्तान के पंजाब में 34 आतंकवादी गिरफ्तार, बड़ा हमला नाकाम

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियो ने एक बड़े आतंकवादी हमले को नाकाम करते हुए कम से कम 34 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किए गए अधिकतर आतंकवादी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) समूह से संबंधित है, जिनमें से तीन का नाम सबसे खतरनाक आतंकवादियों की श्रेणी में था। बयान में कहा गया कि इस सप्ताह प्रांत के विभिन्न जिलो में 415 खुफिया-आधारित अभियान चलाए गए और 34 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया।

## नाइजीरिया: बाढ़ से डूबा शहर, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 151

अबुजा। उत्तर-मध्य नाइजीरिया के एक कस्बे में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 151 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। स्थानीय आपात सेवाओ ने शनिवार को एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी।यह कस्बा मुख्य रूप से व्यावसायिक गतिविधियों के लिए मशहूर है। नाइजर राज्य आपात एजेंसी के प्रवक्ता इब्राहिम औदु हुसैनी ने बताया कि अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश की राजधानी अबुजा से 300 किलोमीटर पश्चिम में नाइजर के मोक्वा कस्बे में आई बाढ़ में 3,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए है। हुसैनी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह-सुबह हुई बारिश में तीन समुदायों के कम से कम 500 घर प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से पूरे कस्बे में पानी भर गया और घरों की छतें मुश्किल से दिखाई दे रही थी तथा लोग कमर तक पानी में डूबे हुए थे।

## संघीय सरकार से अपनी अफगान नीति की समीक्षा करने की मांग की

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित कर संघीय सरकार से अपनी अफगान नीति की समीक्षा करने का आह्वान किया है। इस प्रस्ताव में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की कैबिनेट ने क्षेत्र में स्थाई शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रांतीय अधिकारियो को पड़ोसी देश के साथ सीधी बातचीत करने की अनुमति देने की भी मांग की है। मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रांतीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव में कहा गया, खैबर पख्तूनख्वा को अफगानिस्तान के साथ प्रत्यक्ष और सार्थक वार्ता के माध्यम से सभी लंबित मुद्दों को हल करने में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र में स्थाई शांति और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।


## जेयूडी सरगनाओं का दावा, बांग्लादेश में हसीना को अपदस्थ करने में उनका हाथ

**लाहौर।** मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ सरगनाओं ने दावा किया कि उनके संगठन ने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी, जिसके कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। जेयूडी सरगना सैफुल्लाह कसूरी और संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी घोषित मुजम्मिल हाशमी ने ए दावे इस सप्ताह के शुरू में अपने भड़काऊतकरीरों के दौरान किए।कसूरी ने लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर रहीम यार खान के इलाहाबाद में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए दावा किया, जब 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ था, तब मैं चार साल का था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को, मैंने... हमने 1971 का बदला ले लिया है। जेयूडी सरगना 1971 में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में हुए मुक्ति संग्राम का जिक्र कर रहा था। तब पाकिस्तान ने हार स्वीकार कर की थी और स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय सैनिकों से बनी मित्र सेनाओं के समक्ष ढाका में बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था।उसने यह भी कबूल किया कि उसके एक साथी मुदस्सर के शव के परखच्चे सात मई को मुरीदके (जेयूडीएलईटी मुख्यालय) पर किए गए भारतीय हवाई हमले में उड़ गए थे। भारत ने यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था। पहलगाम में 26 लोग मारे गए थे। कसूरी ने कहा, मुझे उसके जनाजे में शिरकत करने की मंजूरी नहीं दी गई। उसके जनाजे के दिन मैं खूब रोया। उसने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि मुदस्सर के जनाजे में शामिल होने से किसने रोका।

## शहबाज का दावा, पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ पलटवार कर स्थिति का रुख मोड़ा

इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को दावा किया कि पाकिस्तान ने इस महीने की शुरुआत में सैन्य संघर्ष के दौरान न केवल भारत के हमले का जवाब दिया, बल्कि प्रतिद्वंद्वी पर पलटवार भी किया। बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा स्थित कमांड एवं स्टाफ कॉलेज में सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए शरीफ भारत के साथ चार दिन तक टकराव के बारे में बात कर रहे थे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने कार्वाई की जिसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव हुआ। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान की सशस्त्र सेना हमारी संप्रभुता और अखंडता की संरक्षक हैं। उन्होंने कहा, भारत ने पहलगाम की आड़ में आक्रमण का प्रयास किया, लेकिन पाकिस्तान ने न केवल इसका जवाब दिया, बल्कि स्थिति का रुख भी मोड़ दिया। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में छह मई की देर रात



ऑपरेशन सिंदूर के तहत ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल जैसी लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। हमले के बाद चार दिन तक सैन्य टकराव हुआ। दोनों देशों के बीच दस मई को सैन्य कार्वाई रोकने पर सहमति बनी। शरीफ ने यह भी कहा कि जब भारत ने छह-सात मई की दरम्यानी रात हमला किया तो पाकिस्तान ने जमीन और हवाई क्षेत्र में करारा जवाब दिया। उन्होंने दावा किया, पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय विमानों को मार गिराकर और दुश्मन की सात बेहद मूल्यवान परिसंपत्तियों को निशाना बनाकर अपनी पेशेवर क्षमता दिखाई। उन्होंने कहा, एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर ने अपनी योग्यता साबित की, जबकि आर्मी चीफ असीम मुनीर ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिससे एक योग्य फील्ड मार्शल के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। भारत ने 10 मई को तड़के बड़े पैमाने पर जवाबी हमले करते हुए पाकिस्तान के कई प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। इससे पिछली रात पड़ोसी देश ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया था। भारत का कहना है कि 10 मई को, भारत के भीषण हमलों ने पाकिस्तान को सैन्य कार्वाई रोकने की गुहार लगाने पर मजबूर कर दिया। शहबाज शरीफ ने यह भी दोहराया कि पाकिस्तान भारत को सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को एकतरफा स्थगित करने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि पानी को देश के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के तुरंत बाद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदमों की घोषणा की थी।

## यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में दो की मौत, युद्ध विराम वार्ता अधर में

कीव

यूक्रेन में रूसी ड्रोन व मिसाइल हमले में शनिवार को नौ वर्षीय एक लड़की सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।इस बीच रूस द्वारा अगले सप्ताह की शुरुआत में इस्तांबुल में प्रस्तावित शांति वार्ता के लिए नए सिरे से बैठक में यूक्रेन के राजनयिकों के भाग लेने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात यूक्रेन में लगभग 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं।सेना ने बताया कि वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट कर दिया गया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे।जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एक गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है।फेडोरोव ने टेलीग्राम ऐप पर लिखा, एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया। गवर्नर ओलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने टेलीग्राम पर लिखा कि यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस द्वारा की गई गोलाबारी में एक और व्यक्ति की मौत हो गई।मॉस्को ने हालिया हमले पर



कोई टिप्पणी नहीं की।रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने डोनेट्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के नोवोपिल गांव और उत्तरी सुमी क्षेत्र के वोडोलाही गांव पर कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने सुमी में 11 अन्य बस्तियों को खाली करने का आदेश दिया है क्योंकि रूसी सेना क्षेत्र में लगातार बढ़त हासिल कर रही है। इन नई बस्तियों के साथ सुमी में खाली की गई बस्तियों की कुल संख्या 213 हो गई है।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि लगभग 50,000 रूसी सैनिक यूक्रेनी क्षेत्र के अंदर एक बफर जोन बनाने के लिए आक्रमण शुरू करने के इरादे से एकत्र हुए हैं।इस बीच, स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने बताया कि शनिवार को रूस के रिल्स्क शहर और पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के आर्टाकोवो गांव में इमारतों पर यूक्रेनी ड्रोन से किए गए हमले में 14 लोग घायल हो गए।उन्होंने बताया कि यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में घायल होने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं।अधिकारी ने बताया कि हमले से कई जगहों पर आग भी लग गई।

## ईरान ने परमाणु हथियार बनाने लायक संवर्धित यूरेनियम के भंडार में वृद्धि की :आईएईए

वियना

**अंतरराष्ट्रीय परमाणु** ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है।आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है। आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है। आईएईए की नई रिपोर्ट पर ईरान की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। आईएईए की रिपोर्ट में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा

IAEA

गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला एकमात्र गैर-परमाणु हथियार संपन्न देश है। एजेंसी ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है। निगरानी संस्था के अनुसार, यदि 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को 90 प्रतिशत तक और सर्वर्धित कर दिया जाए, तो सैद्धांतिक रूप से लगभग 42 किलोग्राम यूरेनियम एक परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त है।आईएईए की तिमाही रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 17 मई तक ईरान के पास कुल संवर्धित यूरेनियम भंडार 9,247.6 किलोग्राम का था, जिसमें निम्न स्तर तक संवर्धित यूरेनियम भी शामिल है। इस प्रकार उसके कुल यूरेनियम भंडार में फरवरी की रिपोर्ट के बाद 953.2 किलोग्राम की वृद्धि हुई है। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। हालांकि, आईएईए प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने चेतावनी दी है कि ईरान के पास हथियार स्तर तक संवर्धित यूरेनियम का पर्याप्त भंडार है, जिससे वह चाहे तो कई परमाणु बम बना सकता है।ईरानी अधिकारी लगातार संकेत दे रहे हैं कि उनका देश परमाणु बम बनाने की कोशिश कर सकता है। इस बीच, इजराइल ने इस रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार की रिपोर्ट एक स्पष्ट चेतावनी है कि ईरान अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को पूरा करने के लिए पूरी तरह से दृढ़ है। बयान में कहा गया कि आईएईए की रिपोर्ट वर्षों से अपनाए इजराइल के रुख की पुष्टि करता है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण नहीं है। ग्रॉसी ने शनिवार को कहा कि वह ईरान में कई स्थानों पर पाए गए यूरेनियम के अवशेषों को लेकर आईएईए की वर्षों से जारी जांच में ईरान के पूर्ण और प्रभावी सहयोग के अपने तत्काल आह्वान को दोहराते हैं। आईएईए ने शनिवार को सदस्य देशों के साथ 22 पृष्ठ की एक दूसरी गोपनीय रिपोर्ट भी साझा की है, जिसका एसोसिएटेड ने अवलोकन किया है। इसे ग्रॉसी ने पिछले साल नवंबर में 35-सदस्ईय आईएईए शासी परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के बाद तलब किया गया था। इस कथित व्यापक रिपोर्ट में आईएईए ने कहा कि ईरान के कई अघोषित स्थानों पर उसके निरीक्षकों को यूरेनियम के अवशेष मिले और उनकी जांच के दौरान ईरान का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा।

## अमेरिका चीन के आसन्न खतरे के खिलाफ हिंद-प्रशांत सहयोगियों के साथ खड़ा रहेगा: अमेरिकी रक्षा मंत्री

**सिंगापुर।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है। सिंगापुर में सुरक्षा सम्मेलन में हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है। हेगसेथ ने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन शांगरी-ला वार्ता में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है। हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं। हेगसेथ ने कहा, हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया।

# नालासोपारा : महिला का गला चाकू से रेता; सामी कभी पकड़ में नहीं आता, स्प्रे ने उसतक पहुंचने का सुराग दिया

**नालासोपारा :** नालासोपारा में एक महिला की लाश मिली है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचती है। उस महिला का गला चाकू से रेता गया था। छाती और पेट पर भी दो बार चाकू से वार किया गया था। शरीर फूला हुआ था, जिसका मतलब था कि उसकी हत्या 8-10 घंटे पहले की गई है। पुलिस को लाश के पास खून से सना एक चाकू, एक डिले स्प्रे और इस्तेमाल किए हुए तीन कॉन्डम मिलते हैं।

डिले स्प्रे का इस्तेमाल यौन संबंध बनाते समय पुरुषों द्वारा टाइमिंग बढ़ाने के लिए किया जाता है। क्राइम सीन को देखकर पुलिस को शक होता है कि उसकी हत्या कहीं और की गई है। बाद में हत्यारे ने खुद को बचाने के लिए, लाश को नालासोपारा में धानीव बाग के एक सुनसान इलाके में पहाड़ी की तलहटी में फेंक दिया। महिला ने बुर्का पहन रखा था, जिससे पुलिस को शक होता है कि वह मुस्लिम धर्म से हो सकती है।

मीरा-भायंदर वसई विरार पुलिस मौके से मिले सबूतों को इकट्ठा करती है और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया जाता है। अब सबसे पहली चुनौती थी लाश की शिनाख्त करना। चुनौती इसलिए, क्योंकि लाश के पास से उसकी पहचान से जुड़ा कोई सबूत नहीं मिला था। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस महिला की तस्वीर लेकर आसपास के थानों में भिजवाती है और पता करती है कि किसी थाने में कोई गुमशुदगी की रिपोर्ट तो दर्ज नहीं कराई गई।



लाश की शिनाख्त के लिए पुलिस एक और अनोखा तरीका अपनाती है। चूंकि महिला की लाश बुर्के में मिली थी, इसलिए पुलिस आसपास के इलाकों की वोटर लिस्ट मंगाती है और उसमें से मुस्लिम घरों को चुनकर एक टीम पूछताछ के लिए भेजी जाती है। इस केस को सुलझाने के लिए, पुलिस की एक टीम सबूतों पर भी काम कर रही थी। मौके से मिले चाकू के बारे में आसपास की दुकानों पर पूछा जाता है, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलता।

दूसरा सबूत था वो डिले स्प्रे, जो लाश के पास मिला था। उसके ऊपर बैच नंबर दर्ज था। पुलिस की एक टीम उसे लेकर, आसपास के मेडिकल स्टोर पर जाकर पूछताछ करती है। कई दुकानों पर भटकने के बाद, आखिरकार पुलिस को वो मेडिकल स्टोर मिल जाता है, जहां से ये स्प्रे और कॉन्डम खरीदे गए थे। दुकानदार बताता है कि एक आदमी ये सामान लेकर गया था।

अब पुलिस मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे से उस शख्स की तस्वीर लेती है, जिसने ये सामान खरीदा। पुलिस को पहला सुराग और संदिग्ध आरोपी की तस्वीर मिल चुकी थी। इधर जो टीम मुस्लिम घरों में पूछताछ के लिए गई थी, उसे एक घर में दो बच्चे रोते हुए मिलते हैं। पड़ोसियों से पूछने पर पता चलता है कि इन बच्चों की मां पिछले तीन दिन से लापता है और पिता उसी की रिपोर्ट दर्ज कराने गए हैं।

दो तस्वीरें और एक सुराग

टीम वापस पुलिस थाने आती है, जहां उन्हें जियाउल शाह नाम का वह शख्स मिलता है, जिसकी पत्नी लापता थी। पुलिस उसे लाश की तस्वीर दिखाती है और वह पहचान लेता है कि ये उसकी बीवी ही है। नाम था सायरा बानो, उम्र 34 साल। पहचान पुख्ता करने के लिए उसे मुर्दाघर भी ले जाया जाता है, जहां चूड़ियों, कपड़ों और पैर की एक छोटी उंगली देखकर, वह उसे अपनी पत्नी ही बताता है।

## मुंबई : फाइव-स्टार होटल ग्रैंड हयात को धमकी भरा कॉल

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक बार फिर बम ब्लास्ट की धमकी मिली है. इस बार मुंबई के लग्जरी फाइव-स्टार होटल ग्रैंड हयात को धमकी भरा कॉल आया है. बताया जा रहा है कि होटल के कस्टमर केयर नंबर पर एक अज्ञात शख्स ने कॉल कर कहा कि वहां बम है. मुंबई पुलिस के सीनियर अधिकारी ने बताया कि कॉल करने वाले ने यह दावा किया था कि बम 10 मिनट के अंदर फट जाएगा. इसके बाद होटल ने इस बात की सूचना पुलिस को दी और फिर पुलिस की इउ्‌ऊ (बॉम्ब डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्कॉड) ने होटल परिसर की गंभीरता से जांच की. हालांकि, गनीमत रही कि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है.

**जर्मनी से आया था फोन**

इस संदर्भ में वकोला पुलिस



ने अज्ञात शख्स के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सूत्रों की मानें तो प्राथमिक जांच में पता चला है की जिस नंबर से होटल के कस्टमर केयर पर कॉल किया गया था, वह जर्मनी का है.

**साल 2022 में भी मिली थी**

**ऐसी धमकी**

जानकारी के लिए बता दें कि मुंबई के सांताक्रूज में स्थित फाइव-स्टार होटल ग्रैंड हयात को इससे पहले भी ऐसी ही एक धमकी मिली थी. हालांकि, उस बात को अब समय हो गया. साल 2022 के अक्टूबर में नशे में एक शख्स ने फोन कर कहा था कि वह पूरे होटल को बम से उड़ा देगा. इस फोन कॉल से होटल मैनेजमेंट सकते में आ गया था और तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी थी.

पुलिस ने पूरे कैंपस की सघन जांच की थी और साथ ही आरोपी की तलाश में जुट गई थी. इसके बाद जांच करते हुए पुलिस ने उस शख्स का पता लगा लिया था और मालूम चला था कि सूरज जाधव नाम के इस शख्स ने खूब शराब पी रखी थी. वह वकोला का रहने वाला था.

## मुंबई : दो डुप्लेक्स फ्लैट्स 703 करोड़ रुपये में बेचे गए

**मुंबई :** वर्ली इलाके में स्थित समंदर के किनारे बने 'नमन जाना' प्रोजेक्ट के दो डुप्लेक्स फ्लैट्स 703 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं. यह डील भारत की अब तक की सबसे महंगी रिहायशी संपत्ति मानी जा रही है. इसे खरीदा है यूएसवी फार्मा कंपनी की मालकिन लीना गांधी तिवारी ने, जो देश की सबसे अमीर और सफल महिला उद्यमियों में से एक मानी जाती हैं.

लीना गांधी तिवारी भारतीय उद्यमी और फार्मा सेक्टर की प्रभावशाली हस्ती हैं. वे भारत की अग्रणी दवा कंपनी यूएसवी प्राइवेट लिमिटेड की चेयरपर्सन हैं. यह कंपनी मुख्य रूप से डायबिटीज, कार्डियोलॉजी और बायोसाइंसेस से जुड़े दवाओं और उत्पादों के निर्माण



के लिए जानी जाती है. लीना तिवारी का नाम देश की सबसे अमीर और प्रभावशाली महिला उद्योगपतियों में लिया जाता है.

ये दोनों डुप्लेक्स फ्लैट्स मुंबई के वर्ली सी फेस पर हाल ही में बनी 40 मंजिला सुपर लक्जरी इमारत 'ठेंल्ल ल्लं' की ऊपरी मंजिलों पर स्थित हैं. इनका कुल क्षेत्रफल करीब 22,572 वर्ग फुट है. अगर प्रति वर्ग फुट की कीमत देखें, तो यह 2.83 लाख रुपये से भी अधिक बैठती है, जो कि अब तक भारत में किसी रेसिडेंशियल फ्लैट की सबसे ऊंची दर मानी जा रही है. इनसे दिखने वाला नजारा इन आलीशान फ्लैट्स की सबसे खास बात है. ऊंचाई से अरब सागर का शांत और खूबसूरत दृश्य सामने फैला होता है, वहीं दूर पर मुंबई का प्रतिष्ठित 'गोल्डन गेट' ब्रिज भी नजर आता है. बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई का लग्जरी रियल एस्टेट मार्केट लगातार नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है. इस क्षेत्र में हाई-एंड प्रॉपर्टी डील्स अब आम होती जा रही हैं. उफए टं३१७ के सीईओ अभिषेक किरण गुप्ता का मानना है कि ऐसे सौदे अब हैरानी की बात नहीं रह गए हैं.

## मुंबई : रवि वर्मा ने 14 युद्धपोतों की जानकारी पीआईओ को दी, हनी ट्रैप में फंसा था वर्मा

**मुंबई :** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए भारतीय नौसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (पीआईओ) को लीक करने के मामले में मुख्य आरोपी रवि वर्मा को गिरफ्तार किया है। एटीएस की



जांच में सामने आया है कि वर्मा ने भारत के 14 युद्धपोतों और पनडुब्बियों से संबंधित गुप्त जानकारी विदेशी एजेंसी को भेजी है। जांच अधिकारियों के अनुसार, रवि वर्मा एक हनीट्रैप में फंस गया था। एक पाकिस्तानी महिला एजेंट ने खुद को प्रीति जायसवाल के नाम से फेसबुक पर पेश किया और वर्मा से ऑनलाइन दोस्ती की। उसने खुद को युद्धपोतों और पनडुब्बियों पर रिसर्च करने वाली विशेषज्ञ बताया और रवि से तकनीकी जानकारी मांगी। धीरे-धीरे उसने उसे मानसिक रूप से फंसाते हुए संवेदनशील जानकारियां हासिल कर लीं। सूत्रों के मुताबिक, रवि वर्मा को यह ज्ञात था कि नौसेना डॉकयार्ड में मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं।

## मुंबई: 'प्लंबर' के श्रम को सम्मान दिलाने और उनके काम की गरिमा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार एक नई पहल के तहत 'प्लंबर' के श्रम को सम्मान दिलाने और उनके काम की गरिमा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके तहत 'प्लंबर' को जल्द ही 'जल इंजीनियर' के नाम से संबोधित किया जा सकता है। इस बदलाव का उद्देश्य समाज में इन कुशल कामगारों के योगदान को नई पहचान और सम्मान देना है।

राज्य के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने शुक्रवार को नासिक में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस फैसले पर अंतिम मुहर लगाने से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से चर्चा की जाएगी।

मंत्री लोढ़ा ने कहा, हम समाज में प्लंबरों के महत्वपूर्ण कार्य को देखते हुए उन्हें 'जल इंजीनियर' का दर्जा देने की दिशा में विचार कर रहे हैं। यह सिर्फ नाम का बदलाव नहीं है, बल्कि यह उनके योगदान की सामाजिक स्वीकृति और सम्मान की ओर एक बड़ा कदम होगा।

मुंबई पुलिस बल में बड़ा फेरबदल, 13 उपायुक्तों का एक साथ तबादला, किसे मिला कौन सा विभाग?

राज्य सरकार का मानना है कि शब्दों में बदलाव से मानसिकता में भी बदलाव आता है। कई बार समाज में मेहनतकश पेशों को उचित सम्मान नहीं मिल पाता, लेकिन इस तरह के प्रतीकात्मक और सकारात्मक बदलाव उनके आत्मसम्मान को बढ़ावा देते हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com